## II-PERIODIC TEST : 2023-24

### CLASS – IX (CBSE)

Time: 2 hrs. **HINDI** M.M.: 50

निर्देश–
i) प्रस्तुत प्रश्न–पत्र में दो खण्ड हैं–खण्ड 'क' और खण्ड 'ख'।
ii) सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार देना अनिवार्य है।
iii) यथासंभव प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें।
iv) लेख की स्वच्छता व स्पष्टता पर विशेष ध्यान दें।

### खण्ड –'क' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

Q.1. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए– [1×4=4]

प्रकृति और मनुष्य का संबंध ऐतिहासिक दृष्टि से काफी बाद में शुरू हुआ, क्योंकि प्रकृति पहले से थी और मनुष्य बाद में आया। लेकिन अपने विकास के क्रम में, मनुष्य ने शीघ्र ही प्रकृति पर अपनी इच्छा आरोपित करनी चाही और तब से संघर्ष और स्वीकृति का एक लोभहर्षक नाटक मनुष्य और प्रकृति के बीच चला आ रहा हैं आज भी मनुष्य प्रकृति का ही पुत्र है। यह इतिहास मनुष्य की विजय और प्रगति का इतिहास है या उसकी पराजय और दुर्गति का इसे वह स्वयं भी ठीक–ठाक नहीं समझ सका हैं पर जिसे हम मनुष्य की जयगाथा कहकर पुलकित होते रहे हैं वह असल में मनुष्य की पराजय ही नहीं, बल्कि उसके आत्महनन की गाथा है। पिछले कुछ वर्षों में एकोलॉजी अर्थात् परिमण्डल विज्ञान की अत्यधिक चर्चा इस तथ्य का प्रमाण हैं सभी ओर जंगल भारी संख्या में काटे जा रहे हैं और यह जानते हुए भी कि जंगल काटने का मतलब भूमि को विनष्ट करना, बाढ़ों को बढ़ावा देना, मौसम को बदलने में सहायक है।

i) ऐतिहासिक दृष्टि से प्रकृति और मनुष्य में संबंध है–
   क) बहन और भाई का    ख) माँ और बेटे का
   ग) बराबरी का    घ) मनुष्य के विजयी होने का

ii) बाद में उत्पन्न होने वाले मनुष्य से प्रकृति के संघर्ष का कारण है–
   क) मनुष्य द्वारा विकासक्रम में प्रकृति पर अपनी इच्छा थोपना
   ख) मनुष्य द्वारा प्रकृति से अधिक स्नेह रखना
   ग) प्रकृति द्वारा मनुष्य की प्रगति में बाधक होना
   घ) दोनों में परस्पर सहयोग का अभाव

iii) मनुष्य द्वारा मान्य उसकी जयगाथा वास्तव में है, उसकी –
   क) झूठी प्रगति और दिखावा
   ख) मनुष्य का भ्रम
   ग) पराजय और आत्महनन की गाथा
   घ) सच्ची प्रगति और उत्तरोत्तर उन्नति की गाथा

iv) इस गद्यांश का उचित शीर्षक होगा –
   क) प्रकृति और मानव    ख) प्रकृति प्रेम
   ग) प्रकृति की देन    घ) मनुष्य की विजय

Q.2. नीचे लिखे काव्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [1×5=5]

शांति नहीं जब तक, जब तक
सुख–भाग न सबका सम हो।
नहीं किसी को बहुत अधिक हो
नहीं किसी को कम हो।
स्वत्व माँगने से न मिले,
संघात पाप हो जाएँ।
बोलो धर्मराज, शोषित वे
जिएँ या कि मिट जाएँ?
न्यायोचित अधिकार माँगने
से न मिले, तो लड़ के
तेजस्वी छीनते समय को,
जीत, या कि खुद मर के।
किसने कहा पाप है? अनुचित

स्वत्व–प्राप्ति–हित लड़ना ?
उठा न्याय का खड्ग समर में
अभय मारना–मरना?

i) कवि के अनुसार शांति के लिए क्या आवश्यक है ?
क) संसाधनों का समान वितरण ख) शांत रहना
ग) तेजस्वी बनना घ) इनमें से कोई नहीं

ii) तेजस्वी किसे छीन लेते हैं ?
क) समय को ख) तेजस को
ग) अधिकार को घ) सभी विकल्प सही हैं

iii) न्यायोचित अधिकार के लिए मनुष्य को क्या करना पड़ता है ?
क) न्याय ख) संघर्ष ग) दान घ) कोई नहीं

iv) कृष्ण युद्ध के लिए युधिष्ठिर को क्यों प्रेरित कर रहे हैं ?
क) वे अपना हक पा सके
ख) अपने प्रति अन्याय को मिटा सके
ग) संधर्ष कर सके
घ) विकल्प (क) व (ख) सही हैं।

v) 'स्वत्व' में से उपसर्ग अलग कीजिए–
क) त्व ख) स्व ग) स्वा घ) त्वा

Q.3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए– [1×2=2]

i) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?
क) चार ख) तीन ग) आठ घ) दस

ii) सब लोग कहाँ चले गये? वाक्य का भेद है –
क) प्रश्नवाचक ख) निषेधवाचक
ग) आज्ञावाचक घ) इच्छावाचक

iii) वह नाश्ता करके चली गयी। वाक्य में उद्देश्य है–
क) वह ख) नाश्ता
ग) चली गयी घ) नाश्ता करके चली गयी

Q.4. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [1×3=3]

i) अलंकार के भेद हैं –
क) दो ख) चार ग) तीन घ) सात

ii) उपमा अलंकार का उदाहरण है–
क) भूतल तवां सो जल रहा है
ख) पानी गए न ऊबरे मोती, मानुस, चूनं
ग) प्रीति नदी में पाँव न बोरयौ।
घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

iii) 'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो' पंक्ति में अलंकार है–
क) अनुप्रास ख) यमक ग) उपमा घ) रूपक

iv) 'काली धटा का घमण्ड घटा' पंक्ति में अलंकार है–
क) अनुप्रास ख) यमक ग) रूपक घ) उपमा

Q.5. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [1×3=3]

i) 'तुम समझौता नहीं कर सके' वाक्य में वाक्य भेद है–
क) आज्ञावाचक ख) निषेधवाचक ग) संकेतवाचक घ) इच्छावाचक

ii) 'क्या तुम पढ़ रहे हो ? वाक्य में वाक्य भेद है–
क) आज्ञावाचक ख) विधानवाचक ग) प्रश्नवाचक घ) संदेहवाचक

iii) 'प्रभु तुम्हें दीर्घायु करें' वाक्य में वाक्य भेद है–
क) आज्ञावाचक ख) विधानवाचक
ग) संकेतवाचक घ) इच्छावाचक

iv) 'माताजी' बाजार जा रही हैं' वाक्य में वाक्य भेद है–
क) विधानवाचक ख) इच्छावाचक
ग) आज्ञावाचक घ) संदेहवाचक

Q.6. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [1×3=3]

i) निम्न में से उपसर्ग का भेद नहीं है–
क) तत्सम ख) तद्भव ग) आगत घ) विगत

ii) अति उपसर्ग से युक्त शब्द नहीं है–
क) अतिरिक्त ख) अत्यंत ग) अतिथि घ) अत्यधिक

iii) कौन–सा शब्द कृदन्त नहीं है ?
क) गायक ख) लुहार ग) मरियल घ) उड़ान

iv) यथासमय में समास है–
क) तत्पुरुष समास ख) कर्मधारय समास
ग) अव्ययीभाव समास घ) दवंदव समास

Q.7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [1×5=5]

सामंती संस्कृति के तत्व भारत में पहले भी रहे हैं। उपभोक्तावाद इस संस्कृति से जुड़ा रहा हैं आज सामंत बदल गए हैं, सामंती संस्कृति का मुहावरा बदल गया हैं हम सांस्कृतिक अस्मिता की बात कितनी ही करें, परंपराओं का अवमूल्यन हुआ है, आस्थाओं का क्षरण हुआ है। कड़वा सच तो यह है कि हम बौद्धिक दासता स्वीकार कर रहे हैं, पश्चिम के सांस्कृतिक उपनिवेश बन रहे है। हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति हैं हम आधुनिकता के झूठे प्रतिमान अपनाते जा रहे हैं। प्रतिष्ठा की अंधी प्रतिस्पर्धा में जो अपना है उसे खोकर छद्म आधुनिकता की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। संस्कृति की नियंत्रक शक्तियों के क्षीण हो जाने के कारण हम दिग्भ्रमित हो रहे हैं। हमारा समाज ही अन्य निर्देशित होता जा रहा हैं विज्ञापन और प्रसार के सूक्ष्म तंत्र हमारी मानसिकता बदल रहे हैं। उनमें सम्मोहन की शक्ति है, वशीकरण की भी।

i) सामंती संस्कृति एवं उपभोक्ताओं में क्या संबंध है ?
क) सामंती संस्कृति से ही उपभोक्ता संस्कृति उत्पन्न हुई।
ख) उपभोक्तावाद ने सामंती संस्कृति को जन्म दिया।
ग) उपभोक्तावाद के बिना सामंती संस्कृति टिक नहीं पाती।
घ) सामंती संस्कृति और उपभोक्तावाद में कोई अंतर नहीं है।

ii) हमने कैसी दासता स्वीकार कर ली है?
क) आर्थिक दासता ख) सांस्कृतिक दासता
ग) बोद्धिक दासता घ) वैज्ञानिक दासता

iii) हम किस संस्कृति का अनुकरण कर रहे हैं ?
क) पूर्वी संस्कृति ख) अविकसित संस्कृति
ग) भारतीय संस्कृति घ) पांश्चात्य संस्कृति

iv) हमारी मानसिकता का कौन–सा तंत्र बदल रहा है ?
क) प्रजातंत्र ख) राजतंत्र
ग) विज्ञापन तंत्र घ) आधुनिक तंत्र

v) सांस्कृतिक शब्द में इक प्रत्यय है। निम्नलिखित में से किस शब्द में इक प्रत्यय नहीं है।
क) दैनिक ख) भौतिक
ग) पाठक घ) मानसिक

Q.8. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए– [1×2=2]

i) निधियाँ कितनी मानी जाती है?
क) पाँच ख) सात
ग) आठ घ) नौ

ii) पशु के रूप में रसखान क्या बनना चाहते है–
क) बैल ख) हाथी
ग) गाय घ) घोड़ा

Q.9. अधोलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए– [1×5=5]

थल–थल में बसता है शिव ही,
भेद न कर क्या हिन्दू मुसलमां।
ज्ञानी है तो स्वयं को जान,
वही है साहिब से पहचान।।

i) थल–थल में कौन बसता है–
क) ब्रहमा ख) विष्णु ग) शिव घ) गणेश

ii) कवयित्री किसमें भेद न करने के लिए कहती है–

क) दूध और पानी में ख) अच्छे और बुरे में

ग) हिन्दू और मुसलमान में घ) अमीर और गरीब में

iii) कवयित्री की दृष्टि में ज्ञानी कौन है–

क) जो शास्त्र पढ़ता है ख) जो तपस्या करता है

ग) जो सबको जानता है। घ) जो स्वयं को जानता है

iv) साहिब से पहचान कैसे होती है–

क) आत्मज्ञान से ख) यज्ञ–हवन से

ग) योग –वैराग से घ) तपस्या से

v) थल–थल में कौन सा अलंकार है–

क) अनुप्रास ख) यमक ग) उत्प्रेक्षा घ) पुनरुक्ति प्रकाश

[1×2=2]

Q.10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

i) कबीर ने तृष्णा को क्या बताया है–

क) बरतन ख) लालच

ग) छप्पर घ) इनमें से कोई नहीं

ii) शिव कहाँ बसते हैं ?

क) मंदिर में ख) पर्वतों पर

ग) सर्वत्र घ) समाज में

## खण्ड 'ख' (वर्णात्मक प्रश्न)

Q.11. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– [2×2=4]

i) लेखक ने उपभोक्तावादी संस्कृति को हमारे समाज के लिए चुनौती क्यों कहा है ?

ii) अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

iii) कृषक समाज में पशु और मनुष्य के आपसी संबंधों को कहानी –'दो बैलों की कथा' में किस तरह व्यक्त किया गया है ?

Q.12. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– [2×2=4]

i) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे ? जल प्रलय पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

ii) खरीद बिक्री बंद हो चुकने पर भी पान की बिक्री अचानक क्यों बढ़ गयी थी ?

iii) बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में कौन–कौन सी बीमारियों के फैलने की आशंका रहती थी ?

Q.13. निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किन्हीं एक प्रश्न का उत्तर दीजिए– [3×1=3]

i) 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों ?

ii) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे ?

Q.14. चेक–बुक और ए0टी0एम0 कार्ड खो जाने की सूचना देते हुए अपने बैंक के प्रबंधक को पत्र लिखिए।

[4×1=4]

**अथवा**

'जल–संरक्षण' की महत्ता बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

#####